# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एस0 डब्लू0 एम0) के प्रचालन एवं रख रखाव व्यवस्था का संक्षिप्त विवरण
# जनपद सहारनपुर

**ठोस अपशिष्ट प्रबंधन–** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, योजना के मुख्य घटको मे से एक घटक है। गाँव को स्वच्छ बनाने के लिए यह आवश्यक है कि आई0ई0सी0 सम्बन्धी गतिविधियों में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन पर ध्यान केंद्रित किया जाए, ताकि आबादी के बीच ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन की आवश्यकता के प्रति जागरुकता पैदा की जा सके। ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु समुदाय/ग्राम पंचायत को आगे आने और ऐसे तंत्र की माँग करने के लिए प्रेरित करना होगा, जिसका उन्हें बाद में संचालन एवं अनुश्रवण करना है। ग्राम पंचायत को स्वच्छ बनाए जाने हेतु प्रत्येक परिवार को एस0 डब्ल्यु0एम0 के कार्यों से जोड़ा जायेगा जिससे ग्राम पंचायतों को खुले में कूड़ा करकट से मुक्त करने, ग्राम पंचायतों को ओ0डी0एफ0 प्लस को निरन्तरता बनाए जाने का कार्य किया जा रहा है।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामेण फेज–2 अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु ग्राम पंचायतों में कूड़े कचरे के निपटान के लिए कंपोस्ट पिट, प्लास्टिक डंपिंग यार्ड, खाद गड्ढा, भस्मक एवं कूड़ा एकत्रीकरण केन्द्र (आर0आर0सी0) का निर्माण कराया गया है। कूड़ा एकत्रीकरण हेतु गाड़ी के माध्यम से डोर टु डोर कूड़ा कलेक्शन कराया जा रहा है। आर0आर0सी0 तक पहुँचाने का कार्य ग्रामो में तैनात सफाईकर्मी के माध्यम से किया जा रहा एवं आर0आर0सी पर कूड़े के पृथक करण का कार्य स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है।